जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर।

आवश्यक सूचना

दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर में स्थित स्थायी लोक अदालत के कार्यालय/अदालत में कार्य सम्पादन हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम–1987 के अन्तर्गत धारा–22बी के अधीन जनउपयोगी सेवाओं के निराकरण हेतु रीडर/पेशकार के रिक्त एक पद पर दीवानी न्यायालय, मीरजापुर एवं कलेक्ट्रेट, मीरजापुर के अवकाश प्राप्त समूह–ग के महिला/पुरूष कर्मचारीगण जिनकी उम्र 65 वर्ष से कम हो और न्यायालय/कार्यालय कार्य करने का अनुभव/दक्षता रखते हो को फिक्स वेतन रू0 9000/–प्रतिमाह पर दो वर्ष के लिए नियुक्त किया जाना है।

रीडर/पेशकार के रिक्त एक पद पर कार्य सम्पादन हेतु इच्छुक महिला/पुरूष अवकाश प्राप्त कर्मचारीगण, पासपोर्ट साईज का एक फोटो, जन्मतिथि प्रमाण–पत्र, एवं अन्तिम सेवा का प्रमाण–पत्र विभाग का नाम अंकित करते हुए अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, मीरजापुर में कर सकते है। आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 20–12–2023 नियत है। इच्छुक आवेदक चाहे तो आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय स्थायी लोक अदालत अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

दिनांक :– 29–11–2023

Bl 29/11/2023

सदस्य/रीडर चयन समिति
चेयरमैन/स्थायी लोक अदालत,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मीरजापुर।

1. सूचना की प्रति जनपद न्यायालय मीरजापुर के वेवसाईट पर अपलोड हो।
2. सूचना की प्रति दीवानी न्यायालय एवं जिलाधिकारी, कलेक्ट्रट मीरजापुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो।